झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **31.01.2020**

विज्ञप्ति संख्या - 121/2020

झारखण्ड मंत्रालय, रांची

===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखण्ड मंत्रालय में यूएसए की मिडलेबरी कॉलेज फील्ड हॉकी और शक्तिवाहिनी संस्था के दल ने की भेंटवार्ता

===================

झारखण्ड खेल के अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर छाएगा--हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

===================

झारखण्ड खेल के अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर छाएगा। खेल के क्षेत्र में, विशेषकर महिला खिलाड़ियों में को लेकर झारखण्ड में अपार संभावना और प्रतिभा है। आवश्यकता है इनको तराशने की और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिलाये जाने की। इस दिशा में हमारे प्रयास को आने वाले दिनों में यह महसूस किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखण्ड मंत्रालय में यूएसए के मिडलेबरी कॉलेज फील्ड हॉकी और शक्तिवाहिनी संस्था के दल के साथ वार्ता करते हुए यह बात कही।

खेल नीति के केन्द्र में खिलाड़ी और खेल ही हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी खेल नीति के केन्द्र में खिलाड़ी और खेल ही होना चाहिए। खेल को हम बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प हैं।

7 दिनों के बदले पूरे साल झारखण्ड की महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने पर विचार करें

मुख्यमंत्री ने यूएसए के वरमोंट के मिडलेबरी कॉलेज फील्ड हॉकी प्रशिक्षक कथेरिन पैरी डेलॉरेन्ज़ो से कहा कि साल में 7 दिनों के बदले पूरे साल झारखण्ड की महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने पर विचार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब के द्वारा खेल के अलावा उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए और ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

107 जनजातीय बलिकाओं को 7 दिनों का प्रशिक्षण

ज्ञात हो कि शक्तिवाहिनी और कोलकाता स्थित यूएस कॉन्सुलेट के द्वारा वरमोंट के मिडलेबरी कॉलेज फील्ड हॉकी के प्रशिक्षक दल द्वारा झारखण्ड के गुमला सिमडेगा खूंटी और लोहरदगा जिला के गांवों की 107 जनजातीय बलिकाओं को 7 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण का फाइनल कार्यक्रम कल 01 फरवरी को होगा।

भेंटवार्ता कार्यक्रम में उपस्थिति

इस भेंटवार्ता कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री गोपालजी तिवारी और मुख्य प्रशिक्षिका कथेरिन पैरी डेलॉरेन्ज़, शक्तिवाहिनी के श्री ऋषि कांत, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती मंजू हेम्ब्रम, प्रभात खबर के संपादक श्री संजय मिश्रा, स्नेहा हर्ष, प्रियंका कुमारी, प्यारी एक्का, पूर्णिमा नीति, सोमराई कुमारी, ग्रेस मर्फी, इरीन निकोलस, केली कॉएल, जोआन वेरा, रेचल पौम्बो, अलीसा डिमैओ, कार्सन पीकॉक, रेली मर्चिम, हन्नाह सुलोइवन आदि उपस्थित थे।

###

==================

#TeamPRD(CMO)